# फरार रोहित की पत्नी गिरफ्तार



■ दोनों भाइयों के संपर्क में होने की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के सूदखोरी, मारपीट एवं धमकाने के मामले में फरार चल रहे तोमर भाइयों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इस प्रयास के दौरान मंगलवार को रोहित तोमर की पत्नी भावना तोमर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस को पुख्ता सबूत मिले हैं कि रोहित की पत्नी फरार दोनों भाइयों से संपर्क में है और लगातार ▸▸|शेष पेज 13 पर



## घर से मिले हथियार सहित लाखों रुपए नकदी-जेवरात

पुलिस ने सबसे पहले दोनों भाइयों के ठिकाने ए-1 साई विला भाठागांव में दबिश दी थी। उस समय दोनों भाई घर पर नहीं थे, लेकिन घर की तलाशी के दौरान पुलिस को ▸▸|शेष पेज 13 पर

## पांच हजार रुपए इनाम की घोषणा

इस मामले में कोर्ट ने दोनों भाइयों के खिलाफ वारंट जारी किया हुआ है। इस वारंट के बाद पुलिस पर भी दोनों आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने का दबाव भी है। पुलिस दोनों आरोपियों की सूचना देने पर पांच हजार रुपए इनाम की घोषणा भी कर चुकी है। पुलिस ने यह भी घोषणा की है कि सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। हालांकि इनाम की घोषणा जारी होने के बाद भी पुलिस को अब तक दोनों भाइयों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।